देवी मैया भोली रे सुरतिया

मेरी देवी मैया की भोली रे सुरतिया,
मनवा लुभाय हे मोरी मैया,
मैया के मांगों में बेंदी भी सोहे,
सेन्धुला लुभाय हे मोरी मैया,
मेरी देवी मैया की भोली रे सुरतिया,
मनवा लुभाय हे मोरी मैया,

मैया के कानों में कुण्डल भी सोहे,
झुमका लुभाय हे मोरी मैया,
मेरी देवी मैया की भोली रे सुरतिया,
मनवा लुभाय हे मोरी मैया,

मैया के गले मे हार भी सोहे,
गजला लुभाय हे मोरी मैया,
मेरी देवी मैया की भोली रे सुरतिया,
मनवा लुभाय हे मोरी मैया,

मैया के कमर में करधन भी सोहे,
गुछना लुभाय हे मोरी मैया,
मेरी देवी मैया की भोली रे सुरतिया,
मनवा लुभाय हे मोरी मैया,

मैया के हाथों में चूड़ी भी सोहे,
कंगना लुभाय हे मोरी मैया,
मेरी देवी मैया की भोली रे सुरतिया
मनवा लुभाय हे मोरी मैया,

मैया के पैरों में पायल भी सोहे,
बिछुआ लुभाय हे मोरी मैया,
मेरी देवी मैया की भोली रे सुरतिया,
मनवा लुभाय हे मोरी मैया,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7310/title/devi-maiya-ki-bholi-re-suratiyan-manva-lubhay-he-mori-maiyan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |